**उत्तर मध्य रेलवे**

**जनसम्पर्क कार्यालय**
**उत्तर मध्य रेलवे**
**प्रयागराज**

**पत्रांक11:पीआर/08/2025 प्रेस विज्ञप्ति दिनांक:01.08.2025**

# उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य मुख्यालय प्रयागराज की गाइड सोनाली विश्वकर्मा राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार से सम्मानित

सोनाली विश्वकर्मा जो उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य मुख्यालय प्रयागराज के अंतर्गत प्रयागराज जिले की गाइड है। इनको राष्ट्रपति भवन में हमारी माननीय राष्ट्रपति सुश्री द्रोपदी मुर्मू के हाथों राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह औपचारिक समारोह 22 जुलाई 2025 को गोदावरी हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. अनिल कुमार जैन, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, निदेशक श्रीमती दर्शना पावस्कर, कार्यकारी निदेशक अमर बी. छेत्री, युवा और खेल सचिव रूपिंदर बरार और सभी राष्ट्रीय आयुक्तों के साथ उपस्थित थे। इस भव्य समारोह को देखने वाले 22 राज्य प्रतिनिधियों के साथ पूरे भारत से केवल 16 सदस्यों को ही यह उपलब्धि हासिल करने का मौका मिला। सोनाली प्रयागराज मंडल के अंतर्गत शक्ति समूह से जुड़ी हैं। जिसमें यूनिट लीडर दीपमाला और ग्रुप लीडर नूरी सिद्दिकी हैं वह पिछले 12 वर्षों से इसकी सदस्य हैं और उन्होंने मैसूर में 17वीं राष्ट्रीय जम्बूरी भुवनेश्वर में अखिल भारतीय रेलवे जम्बूरी कम्पास मानचित्रण प्राथमिक चिकित्सा पर प्रथम जम्बूरी कार्यशालाओं जैसे कई शिविरों में भाग लिया है। उन्होंने प्रयागराज जंक्शन पर निःशुल्क जल सेवा, महाकुंभ मेला 2025 जैसी सेवाएँ भी प्रदान की हैं और विभिन्न सफाई अभियानों में भी भाग लिया है। उनके पिता ने 2014 में उन्हें शक्ति समूह में पंजीकृत कराया था और उन्हें स्काउटिंग उसके नियम और वचनों से परिचित कराया गया था। वह अपनी कक्षाओं में नियमित थीं जहाँ उन्होंने पायनियरिंग, अनुमान, प्राथमिक चिकित्सा, कम्पास, आग आपदा प्रबंधन आदि सीखा। उन्होंने अपनी प्रवेश परीक्षा, फिर प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान और फिर राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण किया। उसके बाद उन्हें राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने उच्च अंकों के साथ इसे अर्हता प्राप्त की जिसने उन्हें वर्ष 2019 से शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाला बना दिया। उन्हें अन्य शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ 22 जुलाई 2025 को राष्ट्रपति भवन बुलाया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। अपने राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री मंजू जोशी] राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री रवि कान्त शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री पंकज राज कन्नोजिया, श्रीमति ममता रानी श्रीवस्तवा, जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती राज कुमारी, राज्य मुख्य आयुक्त श्री हिमांशु बडोनी, राज्य सचिव श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, सहायक राज्य सचिव श्री संतोष वाजपेयी, शिक्षकों और एनसीआर राज्य तथा प्रयागराज जिले एवं शक्ति ग्रुप के प्रमुख लीडरों के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में वह एक उत्कृष्ट राष्ट्रपति गाइड के रूप में उभरी प्रयागराज में उनके परिवार के सदस्यों और साथी स्काउट्स और गाइड्स ने उन्हें हार्दिक आशीर्वाद दिया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों, भाई-बहनों और दोस्तों को दिया। उनके पिता भारतीय रेलवे में एसएसई/टीआरडी सूबेदारगंज, प्रयागराज में वरिष्ठ तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माँ एक गृहिणी हैं। उन्होंने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल] चौफटका, सूबेदारगंज से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है। और यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, रावतपुर प्रयागराज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने पत्रकारिता और जनसंचार में बीए किया है और दैनिक जागरण के साथ इंटर्नशिप भी की है। उनकी सबसे बड़ी बहन ने कानपुर विश्वविद्यालय से प्राचीन इतिहास में एमए किया है। उनकी बड़ी बहन ने इविंग क्रिश्चियन कॉलेज से बी.एड किया है और वर्तमान में एम.वी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ा रही हैं। इस प्रकार से यह उत्तर मध्य रेलवे के लिए बड़े ही गर्व का विषय है उनकी लगन और प्रतिभा से जो सम्मान सभी के सहयोग से इन्होंने हासिल किया है ऐसी उपलब्धि सभी को मिले इसके लिए सही दिशा में कार्य करना आवश्यक है।

**प्रकाशनार्थ**
**मुख्य संवाददाता**
**प्रयागराज, झाँसी एवं आगरा**

**(शशि कान्त त्रिपाठी)**
**मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**